बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/28 दिनांक- 15.09.2016

NEET-2016 के आधार पर बिहार राज्य के राज्य कोटा की MBBS / BDS पाठ्यक्रम की सीटों पर नामांकन हेतु द्वितीय कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

1. NEET-2016 की मेधासूची के अनुसार बिहार राज्य के मेडिकल / डेंटल संस्थानों के राज्य कोटा (85%) की सीटों के विरुद्ध द्वितीय कॉउन्सेलिंग के आधार पर सीट आवंटन हेतु पर्षद के विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/27 दिनांक - 10.09.2016 के क्रम में NEET-2016 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित अभिभावकों / संस्थानों को निम्नवत् सूचित किया जाता है ;

2.1 द्वितीय कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम दिनांक 19.09.2016 को पर्षद के वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा ।

2.2 राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों / डेंटन कॉलेजों में नामांकन हेतु बिहार राज्य के NEET-2016 (UG) में सम्मिलित अभ्यर्थियों से विज्ञापन संख्या- विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/22 दिनांक - 25.08.2016 द्वारा दिनांक 26.08.2016 से दिनांक 30.08.2016 तक की अवधि में Online आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं Registration कर प्रथम कॉउन्सेलिंग सम्पन्न की जा चुकी है। कतिपय अपरिहार्य कारणों एवं बाढ़ की स्थिति के कारण जो अभ्यर्थी उक्त अवधि में Online Registration नहीं करवा पाये थे अथवा Online आवेदन भरने के क्रम में गलत Entry के कारण अन्तिम रूप से आवेदन Submit नहीं कर पाये थे वैसे अभ्यर्थियों को द्वितीय कॉउन्सेलिंग में भाग लेने हेतु विज्ञापन संख्या बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई)-2016/27 दिनांक - 10.09.2016 द्वारा दिनांक 11.09.2016 से दिनांक 16.09.2016 की अवधि तक Online आवेदन पत्र भरने का निदेश निर्गत किया जा चुका है। उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों में से जिन अभ्यर्थियों को द्वितीय Counselling कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा वे अपने द्वितीय Counselling के निर्धारित दिन की ऑनलाइन आवेदन पत्र की Hard Copy, UGMAC ID एवं विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/24 दिनांक - 02.09.2016 के अनुसार अन्य सम्बन्धित वांछित प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होंगे ।

2.3 दिनांक 04.09.2016 से दिनांक 06.09.2016 की अवधि में सम्पन्न प्रथम कॉउन्सेलिंग के आधार पर जिन उम्मीदवारों का किसी संस्थान में नामांकन हो चुका है और वे द्वितीय कॉउन्सेलिंग में भाग लेना चाहते हैं तो वे नामांकन शुल्क जमा करने की मूल रसीद तथा संस्थान के प्राचार्य से विहित प्रपत्र में इस आशय का प्रमाण-पत्र जिसमें यह उल्लेख हो कि उम्मीदवार संस्थान का bonafide छात्र है और उसके सभी मूल प्रमाण-पत्र उस संस्थान के कार्यालय में जमा हैं को लेकर द्वितीय कॉउन्सेलिंग में उपस्थित हों । प्राचार्य के प्रमाण पत्र में उम्मीदवार का UGMAC ID 2016 एवं NEET (UG)-2016 का रौल नं., मेधा क्रम तथा कोटि जिसके अन्तर्गत उसका नामांकन हुआ है, का भी उल्लेख रहना चाहिये। इसके लिए विहित प्रपत्र का Format पर्षद की Website : www.bceceboard.com पर उपलब्ध है ।

उक्त विहित प्रपत्र अभ्यर्थी तीन प्रतियों में भरकर संस्थान में जमा करेंगे । प्राचार्य द्वारा प्रमाणित एवं हस्ताक्षरित एक प्रति के साथ अभ्यर्थी कॉउन्सेलिंग में उपस्थित हों । दूसरी प्रति कॉउन्सेलिंग प्रारम्भ होने के एक दिन पूर्व संस्थान के प्राचार्य पर्षद कार्यालय को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे । तृतीय प्रति संस्थान कार्यालय के लिए होगी ।

उपरोक्त मूल प्रमाण पत्रों / दस्तावेजों में से जो मूल प्रमाण पत्र/ दस्तावेज उम्मीदवार द्वारा उस संस्थान में जमा हों जहाँ उसका नामांकन हुआ है तो उस संस्थान के प्राचार्य से उनके जमा होने और आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने का प्रमाण पत्र साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग के समय अवश्य प्रस्तुत करें।

3. जो उम्मीदवार इस विज्ञापन की कंडिका-2.2 एवं 2.3 के साक्षात्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये पात्रता प्राप्त (eligible) हैं उनको इस साक्षात्कार हेतु अलग से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जा रहा है । **ऐसे उम्मीदवारों ने यदि उपरोक्त कंडिका-2 के अनुसार निर्धारित तिथि तक साक्षात्कार कार्यक्रम में भाग लेने हेतु Application भरे हैं तो वे इस सूचना के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में निश्चित् रूप से उपस्थित हो अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । जो उम्मिदवार प्रथम कॉउन्सेलिंग में अपना Online Application Form पूर्ण रूप से भरें हैं उनको दुबारा Application Form भरने की आवश्यकता नहीं है तथा इनके अलावे जो उम्मिदवार निर्धारित तिथि दिनांक 11.09.2016 से दिनांक 16.09.2016 तक Online Application Form पूर्ण रूप से नहीं भरेंगे, वे अभ्यर्थी द्वितीय कॉउन्सेलिंग में भाग लेने के योग्य / हकदार नहीं होंगे ।**

4. प्राप्त आवेदन पत्रों के डाटा (रौल नं. आदि) CBSE को अभ्यर्थियों का पूर्ण डाटा उपलब्ध कराने हेतु भेजा जा रहा है। वहाँ से डाटा प्राप्त होते ही All India Ranking के अनुसार द्वितीय Counselling Programme पर्षद के वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। अभ्यर्थीगण दिनांक **19.09.2016** को 5.00 बजे अपराह्न से पर्षद के Website के सम्पर्क में रहें ।

5. द्वितीय कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम दिनांक 23.09.2016 से दिनांक 26.09.2016 तक निर्धारित है। अत: सम्बन्धित अभ्यर्थी अल्प अवधि की सूचना पर कॉउन्सेलिंग में उपस्थित होने हेतु तैयार रहें ।

6. पर्षद की वेबसाइट www.bceceboard.com पर उपलब्ध विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/27 दिनांक- 10.09.2016 की सभी शर्तें लागू होंगी ।

परीक्षा नियंत्रक

बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड